an>

Title: Need to upgrade State Highways in Naxal affected areas in Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 98/139 बिहार प्रदेश के अरवल जिला के मेहन्दिया से हसपुरा, पचरूखिया, फेसर सुन्दरगंज, माली, नवीनगर, टंडवा और रामनगर होते हुए हरिहरगंज सड़क मार्ग से जुड़ती है। इसी प्रकार एन.एच. 3 एवं एनएच - 75 बिहार और झारखण्ड को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है, जो शेरघाटी से बांके बाजार, इमामगंज कोठी, सलैया, मनातु और पाटन होते हुए पाटन मोड़ से एनएच - 75 से जुड़ती है।

उपर्युक्त सड़कें एक महत्वपूर्ण अन्तर्राज्जीय सड़क मार्ग है, जो बिहार के संवेदनशील और महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ती है। सड़क मार्ग का अधिकांश भाग वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है, जिसके कारण उक्त क्षेत्रों में प्रायः कानून व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न होती है।

जनहित में मेरा आग्रह होगा कि उपयुक्त वर्णित सड़कों को राष्ट्रीय उच्च पथ में परिणत करने की व्यवस्था की जाए। इस कार्य के सम्पन्न होने से कानून और व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ होगी, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को विकास की ओर अग्रसर होने का अवसर प्राप्त होगा और इन क्षेत्रों के निवासियों को दूसरे राज्यों के निवासियों के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सद्भाव व विकास का भी मार्ग प्रशस्त करने में लोक उपयोगी कदम साबित होगा।